# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

सोमवार
26 सितम्बर 2022
डिजिटल संस्करण






प्रथम शैलपुत्री



ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डाय विच्चे ॐ शैलपुत्री देव्यै नमः

# नवरात्रि पर मां दुर्गा का हाथी पर आगमन, नौका पर विदाई

## ज्योतिषाचार्य पं. नरोत्तम द्विवेदी ने कहा - इस बार माता का आगमन शुभ, बारिश की संभावना



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में शारदीय नवरात्र की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सोमवार से नवरात्र की शुरूआत होगी। नवरात्र इस वर्ष श्रद्धालुओं और भक्तों के लिए बेहद शुभ फलदायक साबित होगा। नवरात्र में मां दुर्गा का आगमन गज पर हो रहा है। यानी मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आ रही हैं। साथ ही, माता रानी का गमन भी विजयादशमी को गज पर ही हो रहा है। ज्योतिषाचार्य पंडित नरोत्तम द्विवेदी ने बताया कि मां की विदाई नौका पर है। शारदीय नवरात्र में कलश स्थापना 26 सितंबर को हो रहा है, जबकि विजयादशमी 5 अक्टूबर (बुधवार) को है।

### राशिनुसार नवरात्र का फल

मेष--शत्रुनाश,कार्य सिद्धि।
वृष--धन हानि,कार्य बाधा।
मिथुन--यशहानि,अपमान भय।
कर्क--धन प्राप्ति,सुख वृद्धि।
सिंह--भय,हानि योग।
कन्या--स्थान हानि,पद च्युति।
तुला--द्रव्य हानि,चोर भय।
वृश्चिक--धन व्यय,खर्च वृद्धि।
धन--सुख वृद्धि।
मकर--पाप बुद्धि, निन्दित कार्य।
कुंभ--रोग भय।
मीन--यात्रा में हानि।

**26/09/2022 :** शारदीय नवरात्र आरम्क लश स्थापना मुहूर्त पूरादिन। प्रथम शैलपुत्री पूजन। दुर्गा सप्तशती पाठ आरम्भ,ध्वजरोपड़,केश संस्कार द्रव्य से पूजा। देवी का आगमन गज पर हो रहा है, फल है जल यानि वृष्टि।

**27/09/2022 :** द्वितीय दिन ब्रह्मचारिणी देवी पूजा। पट्टोदर यानि फीता आदि केश संयम सामग्री चढ़ावे। आज अर्द्धरात्रि पश्चात 03:38 बजे हस्त नक्षत्र में सूर्य का प्रवेश हो जायेगा।

**28/09/2022 :** तृतीय दिन चन्द्रघण्टा देवी पूजा। आज के दिन दर्पण और सिन्दूर, कुमकुम चढ़ावे।

**29/09/2022 :** चतुर्थ दिन कुष्मांडा देवी पूजा। आज के दिन मधुपर्क, काजल आंख के श्रृंगार सामग्री चढ़ावे। वैनायकी श्रीगणेश चतुर्थी व्रत।

**30/09/2022 :** पंचम दिन स्कन्दमाता पूजा। आज के दिन अङ्गराग अलंकरण सामग्री चढ़ावे। उपांग ललिता व्रत।

**01/10/2022 :** छठवें दिन कात्यायनी देवी पूजा। आज के दिन ज्येष्ठा नक्षत्र युक्त होने से बिल्वपत्र से सायंकाल पूजा, रात्रि 08:36 बजे के बाद सप्तमी में देवी बोधन, आमंत्रण अधिवासन।

**02/10/2022 :** सप्तम दिन कालरात्रि पूजा।आज भी प्रातःकाल देवी बोधन,आमंत्रण, अधिवासन।घर के मध्य कालरात्रि पूजा।मूल के प्रथम चरण मे देवी का आवाहन,पत्रिका प्रवेशन,पूजा पण्डाल में स्थापना पूजा,पट्ट खोलना। पुस्तकादि का भी पूजन करें। आज ही के दिन नीशिथ काल मे महानिशा पूजा देवी श्रृंगार बलिदान।महानिशा पूजा मुहूर्त निशिथ व्यापिनी अष्टमी में रात्रि 11:35से 12:24तक है।

**03/10/2022 :** महाष्टमी व्रत। महागौरी पूजा। आज के दिन वस्त्र,छत्र,चामर सहित देवी की पूजा। कुमारी तथा ब्राह्मण पूजन। प्रातः काल सरस्वती पूजन। पूजा पण्डाल में संधि पूजा अष्टमी व नवमी तिथि की संधि में तंत्र पूजन हवन दिन में 03:36से 04:24बजे तक होगा।

**04/10/2022 :** महानवमी व्रत। सिद्धिदात्री पूजा। उग्रचण्डी पूजा। हवन, बलिदान। मध्याह्न 01:32बजे तक। अपराह्न व्यापिनी दशमी में शमी पूजन,अपराजिता पूजा। नीलकंठ दर्शन सीमोलंघन विजय यात्रा।आयुध पूजन। देवी का चरण मुर्गा पर है,जो अशुभ है।

**05/10/2022 :** विजयादशमी। पारण नवरात्र व्रत11: 10 दिन से पहले। देवी का प्रस्थान नौका पर सर्वसिद्धि दायक हैं, किन्तु पैर मुर्गा पर अशुभ संकेत बड़े दंगे का संकेतक है।

शारदीय नवरात्र दिनांक- 26/09/22से इस नवरात्र में देवी का आगमन गज पर जो वृष्टि यानि वर्षा कारक है। प्रस्थान नौका पर जो सर्वसिद्धि कारक है,लेकिन मुर्गा पर पैर रखकर प्रस्थान करना देश में दंगा करा सकता है। फिर भी भारत की स्थिति सुदृढ़ होगी। नवरात्र के प्रथम दिन इस बार पूरे दिन कलश स्थापना का मुहूर्त है।

विशेष सिद्धि हेतु अभिजित मुहूर्त 11: 23 से1 2: 36तक है। नवरात्र पूरे नव दिन का है। 1अक्टूबर को दिन में विल्वपत्र से देवी का बोधन, आमंत्रण, अधिवासन षष्ठी तिथि ज्येष्ठा नक्षत्र मे होगा।

2अक्टूबर सप्तमी को प्रातःकाल मूल नक्षत्र के प्रथम चरण 09:23बजे तक देवी का पट्टाभिषेकादि सभी कार्य कर ले। 3अक्टूबर अष्टमी को भगवती सरस्वती की विशेष पूजा पुस्तक पूजा पूवार्षाढ़ के प्रथम चरण 07: 41 बजे तक कर ले।

4अक्टूबर नवमी को हवनादि बलिदान कार्य 01:32मध्याह्न तक करें।

अशुभ फल नाश हेतु नवार्ण मंत्र ॐऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे एक माला एवं पञ्चाक्षरी मंत्र ॐ नमःशिवाय एक माला करें।

## चौथे दिन भी जारी रही डॉक्टरों की हड़ताल

**पटना ।** पीएमसीएच के जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल का रविवर को चौथा दिन है। डॉक्टरों की ओर से रविवार की शाम प्रिसिंपल ऑफिस से आरएसबी तक शांति मार्च निकाला गया। इस मार्च में जूनियर डॉक्टर ने काला रिबन, पोस्टर और बैनर के साथ अपनी चार मांगो को ले कर प्रदर्शन किया। हड़ताल के कारण डॉक्टरों ने सभी काम बंद कर दिये है। शनिवार को भी जूनियर डॉक्टरों के द्वारा ओपीडी को बंद करवा दिया गया था। छात्रों ने बड़ी संख्या में आकर ओपीडी का रजिस्ट्रेशन काउंटर बंद करा दिया ।आज भी पूरी तरीके से ओपीडी सेवा ठप रही। जिससे मरीज को काफी परेशानी का सामना करना पर रहा है। वहीं, लगातार चार दिनों से पीएमसीएच में हड़ताल होने से मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# 2024 के लोकसभा चुनाव में सत्ता से बेदखल होगी बीजेपी : नीतीश

## देवीलाल की जयंती पर हरियाणा में आयोजित रैली में बीजेपी पर बोला हमला

- रैली में भाजपा विरोधी कई सियासी दलों के बड़े नेता एक मंच पर जुटे
- मंच से गरजे तेजस्वी यादव, बोले- नीतीश कुमार के हमले के बाद बीजेपी उठने वाली नहीं



**केटी न्यूज/पटना**

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी देवीलाल की जयंती के अवसर पर आयोजित रैली में भाजपा विरोधी कई सियासी दलों के बड़े नेता एक मंच पर जुटे। रविवार को इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला की ओर से फतेहाबाद में आयोजित इस रैली में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव शामिल हुए। नीतीश कुमार ने मंच से बीजेपी पर जमकर हमला बोलने के साथ ही भाजपा विरोधी पार्टियों को एकजुट होने का संदेश भी दिया। कहा कि यह दूसरा और तीसरा गठबंधन नहीं है। यह मुख्य गठबंधन है। सभी को मिलकर लड़ना है। मेरी व्यक्तिगत रूप से कोई इच्छा नहीं है। सबका विकास हो, यही मैं चाहता हूं। मेरी शरद पवार से बात हुई है। सब मिलकर लड़ेंगे तो ये 2024 में खत्म हो जाएगी। बिहार में 7 पार्टियां एक साथ हैं, ये अकेले हैं। बिहार में तो यह 2024 के लोकसभा और 2025 में ये हारेंगे। इस रैली में एनसीपी प्रमुख शरद पवार, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी, शिरोमणि अकाली दल के सुखबीर बादल, शिवसेना की ओर से अरविंद सावंत शामिल हुए।

**नीतीश कुमार ने निडर होकर फैसला लिया: तेजस्वी**

रैली में राजद की तरफ से उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भी शिरकत की। तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश ने निडर होकर फैसला लिया। नीतीश कुमार ने जो हथौड़ा मारा है उसके बाद बीजेपी उठने वाली नहीं है। एनडीए बचा कहां हैं। शिवसेना, बादल जी, नीतीश जी सब लोग तो वहां से निकल गया। इसके पहले मंच से जेडीयू नेता केसी त्यागी ने कहा कि आज से देश की राजनीति में विपक्षी एकता की शुरूआत है। यह एक ऐतिहासिक रैली है, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ समान विचारधारा वाली ताकतों को मजबूत करेगी।

**लालू और नीतीश ने सोनिया गांधी से की मुलाकात :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस महारैली में शामिल होने के बाद रविवार शाम करीब 6 बजे कांग्रेस की कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिले। उनके साथ लालू प्रसाद यादव भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहले ही यह कहा है कि कांग्रेस और वाम दल के बिना विपक्षी एकता की कल्पना बेमानी है। यदि विपक्षी एकता को मजबूत करना है, तो कांग्रेस और वाम दल को लेकर चलना होगा।

**देशवासियों को भाजपा के खिलाफ एकजुट होने की जरूरत: येचुरी :** रैली में पहुंचे सीताराम येचुरी ने अपने भाषण में भाजपाइयों की तुलना राक्षसों से की। येचुरी ने कहा कि भाजपा वाले आज देश में अमृतकाल आने का दावा करते हैं। समुद्र मंथन के दौरान जब अमृत निकला था तो उस पर सबसे पहले राक्षसों ने कब्जा कर लिया था। उसके बाद देवताओं को युद्ध करके राक्षसों से वह अमृत वापस लेना पड़ा था। आज भी देशवासियों को उसी तरह भाजपा के खिलाफ एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश में केरल इकलौता ऐसा राज्य है जहां सीपीआई की सरकार और केरल की जनता ने अपने राज्य में भाजपा के एक भी विधायक को जीतने नहीं दिया।

## बेगूसराय की तर्ज पर शहर में 50 मीटर के बीच 3 स्थानों पर तीन राउंड फायरिंग

- एएसपी ने खंगाला सीसीटीवी फुटेज, अपराधियों की पहचान तेज

**केटी न्यूज/आरा**

बेगूसराय गोलीकांड की तर्ज पर आरा में भी रविवार की सुबह फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया गया। बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा 50 मीटर तक ताबड़तोड़ तीन राउंड फायरिंग की गयी। हालांकि इस घटना में किसी के जख्मी होने की सूचना नहीं है। गोलीबारी की घटना नगर थाना क्षेत्र में मीरगंज स्थित पुराना डीईओ ऑफिस के पास सुबह साढ़े आठ बजे की है। घटना को अंजाम देने के बाद मुंह बांधे बाइक सवार दोनों अपराधी पड़ाव की ओर भाग गये। घटना का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। लेकिन दहशत फैलाने के लिए फायरिंग करने की बात कही जा रही है। इधर, रामलीला शोभायात्रा के कुछ घंटे पहले फायरिंग की घटना से शहर में सनसनी मच गयी। सूचना मिलते ही एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में टाउन थानाध्यक्ष अनिल सिंह सहित अन्य थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गयी और छानबीन की गयी। अपराधियों के भागने की दिशा में पीछा भी किया गया। लेकिन अपराधी पकड़ में नहीं आ सके। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से घटना की जानकारी भी ली गयी। बदमाशों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला गया।

बताया जा रहा है कि सुबह करीब आठ बजकर बीस मिनट पर बाइक सवार दो अपराधी गोला रोड की ओर निकले। उसके बाद फायरिंग करते पड़ाव की ओर निकल गये। इस दौरान एक होटल से शौचालय के बीच करीब 50 मीटर की दूरी पर तीन राउंड फायरिंग की गयी।

बाइक सवार दो अपराधियों द्वारा फायरिंग की गयी है। दो राउंड गोलियां चलायी गयी है। एएसपी के नेतृत्व में पूरी घटना की जांच की जा रही है। बदमाशों की पहचान और धरपकड़ के लिए छापेमारी की रही है। गिरफ्तारी के बाद ही घटना का कारण स्पष्ट हो सकेगा। - संजय कुमार सिंह, एसपी, भोजपुर

## संपति विवाद में एमवीआई के घर तोड़फोड़, पुलिस ने दो को हिरासत में लिया

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के कोपवां गांव में पट्टीदारों ने एमवीआई अमिताभ कुमार सिंह व अवधेश कुमार सिंह के घर में तोड़फोड़ की है। संपति के विवाद में घटना को उनके पट्टीदारों ने ही अंजाम दिया है। उनके घर के केयर टेकर ने कोरान सराय थाने में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने तत्काल दो को हिरासत में पूछताछ कर रही है। इस घटना के बाद कोपवां के ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। जानकारों की माने तो उच्च पदों पर होने के बावजूद दोनों भाई ग्रामीणों से काफी अपनापन से मिलते है तथा गांव में भव्य मंदिर सहित कई अन्य सावर्जनिक कार्यो में रूचि दिखाई है। मिली जानकारी के अनुसार अमिताभ व अवधेश के पट्टीदारों द्वारा यह आरोप लगाया जा रहा था कि उनकी चाहरदीवारी मेरे हिस्से की जमीन में बनी है। यही आरोप लगा शनिवार को पट्टीदार घर में तोड़ फोन करने का प्रयास कर रहे थे। जिसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दिया।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो चचेरे भाइयों को रौंदा, एक की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में आरा-सिन्हा मेन रोड कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के इटहना मोड़ के पास रविवार की दोपहर बेलगाम ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो चचेरे भाइयों को रौंद दिया। इसमें एक की मौत हो गयी, जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घटना को लेकर देर तक अफरातफरी मची रही। इधर, हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। मृतक बड़हरा थाना क्षेत्र के फरहदा गांव निवासी मुन्ना राम का 17 वर्षीय पुत्र अनुभव कुमार था। जख्मी उसी गांव के निवासी रविंद्र राम का 17 वर्षीय पुत्र आनंद कुमार है। दोनों रिश्ते में चचेरे भाई हैं। आनंद कुमार ने बताया कि दोनों नवरात्र को लेकर पूजा का सामान खरीदने बाइक से सरैयां बाजार जा रहे था। वह बाइक चला रहा था जबकि अनुभव पीछे बैठा था। इस दौरान इटहना मोड़ के समीप पीछे से आ रहे एक बेलगाम ट्रैक्टर ने दोनों को रौंद दिया। इससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

# पैरेंट्स टेंशन न लें, जल्द कम हो जाएगा आपके बच्चे के बैग का वजन

- नई शिक्षा नीति के तहत राजधानी के स्कूल लागू कर रहे नियम
- पटना के बाद राज्य के सभी जिलों के स्कूल

**केटी न्यूज/पटना**



बच्चों के बढ़ते बैग का वजन देख टेंशन में रहनेवाले पैरेंट्स के लिए अच्छी खबर है। जल्द ही उनके बच्चे के बैग का वजन कम होनेवाला है, बल्कि स्कूल से मिलनेवाले होमवर्क का प्रेशर भी घट जाएगा। ऐसा संभव हो रहा है नई शिक्षा नीति के कारण। इस नीति के तहत भारी बैग के कारण बच्चों को हो रही परेशानी को कम करने पर फोकस किया गया है। वहीं नई शिक्षा नीति में यह प्रावधान किया गया है कि बच्चों को कम-से कम होमवर्क दिए जाएं ताकि बच्चा मानसिक दबाव न महसूस करे।

**बच्चों के शारीरिक और मानसिक दबाव को कम करने का सुझाव :** बच्चों के बस्ते के बोझ की समस्या को देखते हुए नैशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ) ने 2005 में एक सर्कुलर जारी किया। उस सर्कुलर में बच्चों के शारीरिक और मानसिक दबाव को कम करने के सुझाव दिए गए थे। एनसीएफ, 2005 के आधार पर एनसीईआरटी ने नए पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तिकाएं तैयार कीं जिसे सीबीएसई से संबद्ध स्कूल अपना रहे हैं।

**बच्चों के वजन के 10% वजन का ही बैग लेकर आना है स्कूल :** नयी शिक्षा नीति के तहत बच्चों के वजन के 10% वजन का ही बैग लेकर बच्चों को स्कूल आना हैकइसके लिए राजधानी यानी पटना के स्कूल प्रबंधन की ओर से अभिभावकों को मैसेज दिया जा रहा है। पटना के बाद राज्य के सभी जिलों के स्कूल प्रबंधक नई शिक्षा नीति को लागू करेंगे।

**होमवर्क की टाइमिंग को किया जायेगा कम :** बच्चों के बस्ते का बोझ कम करने के साथ ही बच्चों को होम वर्क, रोटेशन के अनुसार तय समय सीमा के अनुसार ही दिया जायेगा।

इसमें कक्षा एक से छठी तक के बच्चों को ऐसा होमवर्क मिलेगा जो एक घंटे में तैयार हो जाए। वहीं, कक्षा नौवीं से 12वीं के बच्चों को अलग-अलग विषयों में रोटेशन के अनुसार दो घंटे में पूरा हो जाने वाला होम वर्क दिया जायेगा। इस पहल से बच्चों पर अनावश्यक रूप से पड़नेवाले मानसिक दबाव कम होगा।

### तय किया गया वजन

| | |
|---|---|
| क्लास 1-3 | 1-2 किलो |
| क्लास 4-6 | 2-3 किलो |
| क्लास 7-9 | 2.5-4 किलो |
| क्लास 10-12 | 3-5 किलो |

## शहर छोटी खबरें

### बुजुर्ग किसान का फिसला पैर, नदी में डूबने से मौत

**आरा।** शहर से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा बांध स्थित स्टेट बोरिंग के पास शनिवार की शाम नदी में डूबने से एक बुजुर्ग किसान की मौत हो गयी। शनिवार की शाम डूबे किसान का शव रविवार की सुबह बरामद किया गया। मृत किसान टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा मोहल्ला निवासी हरिवंश महतो के 67 वर्षीय पुत्र केदार महतो थे। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। किसान के पुत्र अजय कुमार ने बताया कि उसके पिता शनिवार की शाम खेत में खाद डालने गए थे। उसके बाद वह शौच करने के लिए जमीरा बांध स्टेट बोरिंग के पास नदी की ओर चले गये। तभी उनका पैर फिसल गया और नदी में गिर गये। इससे उनकी मौत हो गयी। शनिवार की देर शाम तक वह घर नहीं लौटे, तो खोजबीन शुरू की गयी। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। रविवार की सुबह जमीरा बांध के स्टेट बोरिंग स्थित नदी में उनका शव पड़ा देखा गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से गर्भवती महिला की मौत

**आरा।** जिला मुख्यालय स्थित आरा रेलवे स्टेशन के तीन नंबर प्लेटफार्म स्थित आउटर सिग्नल के समीप रविवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक गर्भवती महिला की मौत हो गयी। मृत महिला इमादपुर थाना क्षेत्र के बिशुनपुरा गांव निवासी सिंटू पासवान की 25 वर्षीया पत्नी निशु कुमारी थी। इधर, विवाहिता के ससुर धर्मदेव पासवान के अनुसार वह गर्भवती थी। एक सप्ताह पूर्व वह शहर के नवादा थाना क्षेत्र के बिहारी मिल स्थित अपनी बहन के घर आयी थी। रविवार की सुबह वह घर से टहलने के लिए निकली थी। उसी दौरान वह आरा रेलवे के प्लेटफार्म नंबर तीन स्थित आउटर सिग्नल के समीप रेलवे ट्रैक के पास चली गयी थी। तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गयी, जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची रेल पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। महिला की मौत के बाद ससुराल और मायके में रोना-धोना मचा है। महिला पांच बहनों और एक भाई में सबसे छोटी थी।

### आवास सहायक नहीं डाल रहे अंतिम किस्त की राशि

**मखदुमपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्यालय में रविवार को स्थानीय विधायक सतीश कुमार ने जनता दरबार लगाया। जिसमें महिला फरियादियों की भीड़ उमड़ी। जानकारी देते हुए विधायक ने कहा कि जनता दरबार में सबसे अधिक महिला फरियादियों की भीड़ रही। महिला फरियादियों ने आवास योजना की राशि आवास सहायकों द्वारा डालने में देरी किए जाने की शिकायत की। महिलाओं ने बताया कि कमीशन की राशि ना देने पर आवास योजना की राशि इंदिरा आवास सहायक द्वारा नहीं डाली जा रही है। यह बात सुन विधायक भड़क गए और बीडीओ को फोन कर तुरंत जांच करने का निर्देश दिया है। विधायक ने कहा कि मैं वैसे सभी आवास सहायकों की सूची बना रहा हूं जो आवास योजना में पैसा लेकर जरूरतमंदों को आवास ना देकर खेतिया या पक्का मकान वाले लोगों को आवास योजना का लाभ दिया है।

# नवरात्र में भक्तों की आस्था : मां डुमरेजनी के सामने मत्था टेकने से होती है मन्नतें पूरी

- कांव नदी के किनारे रमणीक तट पर स्थित है डुमरेजनी मंदिर, नवरात्र में हर दिन उमड़ते है सैकड़ो श्रद्धालु
- पांच सौ साल पुरानी है मां डुमरेजनी की कहानी: साहित्यकार

**केटी न्यूज/डुमरांव**




मां डुमरेजनी का मंदिर

लोग यहां उम्मीदें लेकर आते है और जब उनकी उम्मीदें पूरी होती है, तो एक बार मत्था टेकने जरूर आते हैं। कहा जाता है कि यहा सभी की उम्मीदें पूरी होती है। उम्मीदों की यह कहानी पांच सदी पुरानी है। हम बात कर रहे है नगर देवी मां डुमरेजनी की महिमा तथा मंदिर से जुड़ी मान्यताओं की। नगर के दक्षिण-पूर्वी छोर पर कांव नदी के रमणीक तट पर स्थित मां डुमरेजनी की सिर्फ जिले में बल्कि सूबे सहित कई अन्य प्रदेशों में भी ख्याति है। सच्चें मन से आने वाले भक्तों की हर मनोकामना मां डुमरेजनी पूरी करती है। यही कारण है कि शक्ति स्वरूपा देवी के पूजन के लिए खास नवरात्र में यहा हर दिन भक्तों का सैलाब उमड़ता है। खास यह कि कभी घने जंगल में बने इस मंदिर तक जाने वाले सुनसान रास्ते में भी श्रद्धालुओं को दिन-रात कभी भी भय का अहसास नहीं होता है।

**पांच सौ साल पुरानी है मां डुमरेजनी की कहानी:** साहित्यकार शिवजी पाठक ने बताया कि मां डुमरेजनी की कहानी पांच सौ साल पुरानी है। कहा जाता है कि मां डुमरेजनी शादी के बाद अपने मायके से ससुराल गाजीपुर जा रही थी। उनके साथ उनके पति तथा बाराती भी थे। कांव नदी के किनारे पहुंचते-पहुंचते अंधेरा हो गया था। तब उनके पति तथा बारातियों ने रात गुजारने के लिए कांव नदी से थोड़ी दूर स्थित एक तालाब के पास डेरा डाला। ऐसी मान्यता है कि तब कांव नदी के उस पार अतातायी चेरों-खरवारों का कबीला था। जिनका पेशा लूट-मार तथा बटमारी करना था। तालाब के पास बारात ठहरने की सूचना पर लूट तथा व्यभिचार की नियत से अतातायी चेरों-खरवारों ने रात के अंधेरे में बारात पर हमला कर दिया। तब मां डुमरेजनी अपनी अस्मत बचाने के लिए तालाब में छिप गई थी। इधर उनके पति तथा बाराती वीरता पूर्वक लड़ते हुए मारे गये। चेरों-खरवारों ने बारातियों के साथ कहारों तक को नहीं छोड़ा था। पति की मौत के बाद नागिन की तरह फूंफकारती मां डुमरेजनी तालाब से बाहर निकली थी तथा चेरों खरवारों के कबीले के नाश होने का श्राप दे सती हो गई थी। कहा जाता है कि इस घटना के कुछ ही दिन बाद चेरों खरवारों का नाश हो गया था। मां द्वारा स्वप्न में किसी शहरवासी को पूरी घटना बता मंदिर बनाने की बात कही गई थी।

**आज भी वीरान है चेरों खरवारों का कबीला :** कांव नदी के उस पार स्थित चेरों खरवारों का कबीला बावन दुअरियां अजा भी वीरान पड़ा है। कहा जाता है कि उस जमाने में उनका टीला काफी समृद्ध था तथा उंचाई पर बसा हुआ था। लेकिन मां डुमरेजनी के श्राप के बाद न सिर्फ चेरों खरवारों का नाश हुआ बल्कि उनका समृद्ध किला बावन दुअरियां भी बंजर हो गया। आज भी उस टीले के क्षेत्र में न तो हल चलता है और न ही खेती होती है। कई बार हल चलाने का प्रयास भी किया गया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी है। कहा जाता है कि इस टीले के अंदर कई इतिहास छिपे है। मान्यता तो ये भी है कि इस टीले में काफी धन संपदा भी दबे-गड़े होंगे।

**भोजपुरी गायकों की श्रद्धा भूमि है मां डुमरेजनी :** मां डुमरेजनी का मंदिर न सिर्फ श्रद्धालुओं को बल्कि भोजपुरी गायकों को भी अपनी ओर आकर्षित करती है। यही कारण है कि यह मंदिर भोजपुरी गायकों के लिए श्रद्धा भूमि बन गई है। चर्चित भोजपुरी गायक भरत शर्मा, विष्णु ओझा, गोपाल राय, कल्पना, खेसारी लाल यादव, अशोक मिश्र, विनय मिश्र आदि अपने अपने गीतों के माध्यम से मां डुमरेजनी की महिमा का वर्णन कर चुके है। भरत शर्मा के एक गीत - तारा चंडी सासाराम के, डुमरेजनी काली डुमरांव के करेली ई भक्तन के उद्धार हो हम सुनले बानी......में मां डुमरेजनी की मान्यता का जिक्र किया गया है।

# हमारी संस्कृति व प्रकृति का अनुपम तालमेल है, वृक्षों-पशुओं व पहाड़ों की भी होती है पूजा

- जनसंघ के संस्थापक की भाजपाइयों ने मनाई जयंती
- एकात्म मानववाद के प्रवर्तक है पंडित दीनदयाल उपाध्याय

**केटी न्यूज\डुमरांव**



रविवार को जनसंघ के संस्थापक सदस्य तथा एकात्म मानववाद के प्रवर्तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस मौके पर भाजपा के अलग-अलग मंडलों द्वारा अलग अलग तरीके से जयंती समारोह आयोजित कर उन्हें नमन किया गया तथा उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प दोहराया गया। जानकारी के अनुसार भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा ब्रह्मपुर प्रखंड के काट पंचायत स्थित रहथुआ गांव में जिलाध्यक्ष प्रियरंजन चौबे के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण के माध्यम से युवा मोर्चा ने पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में भाजयुमो द्वारा प्रत्येक मंडल में 120 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस तरह से पूरे जिले में भाजयुमो के तरफ से लगभग 2400 पौधे सेवा पखवाड़ा के दौरान लगाए जाएंगे।

उन्होंने उपस्थित लोगों से पौधों का संरक्षण पुत्रों की तरह करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी कहा है की वृक्षारोपण अभियान को जन आंदोलन का रूप देना चाहिए। सभी को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए शासन एवं प्रशासन का सहयोग करते हुए वृक्ष लगाना चाहिए उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति व प्रकृति का अनुपम तालमेल है देश में वृक्षों पशुओं व पहाड़ों की पूजा होती है। वृक्षों को हम देवता के रूप में मानते हुए पूजते हैं। वही पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर बूथ अध्यक्षों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री जी की मन की बात भी सुनी गई। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष मिश्र, भाजपा के बगेन मंडल अध्यक्ष आशीष ठाकुर, काट पंचायत के बीडीसी एवं भाजपा के शक्ति केंद्र प्रभारी हरेंद्र पांडेय, जिलामंत्री अभिनंदन मिश्र, आईटी सोशल मीडिया के जिला संयोजक रासमणि तिवारी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नित्यानंद ओझा, नारायण मिश्र, कुंज बिहारी पांडेय, गोबिंद चौबे, विनीत सिंह, श्रीकांत मिश्र, मनजी पासवान, वशिष्ठ राय, बहादुर राम, संजय कुमार, सत्येंद्र कुमार, रितेश चौधरी आदि थे।

वहीं, दूसरी तरफ भाजपा कोरान सराय मंडल द्वारा मुंगांव शक्ति केंद्र के कोपवा गांव में जनसंघ के द्वितीय राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा महान राष्ट्र चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा वंदे मातरम और भारत माता की जयघोस के साथ किया गया। बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के विस्तारक संतोष दुबे ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद के प्रवर्तक रहे हैं। वे समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के हित की चिंता भी करते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार उनके सपनों को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि उनके सिद्धांतों को आत्मसात कर भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा स्थानीय टैक्स के पैक्स अध्यक्ष सनमुन सिंह ने किया। मौके पर विश्वनाथ सिंह, धनजी सिंह, बृजराज सिंह, प्रेम सिंह, सुनील कुमार सिंह, सोमनाथ यादव, मुन्ना साह, हीरा शाह, शिवजी सिंह, वीर बहादुर सिंह, शिवजी साह, विकास कुमार सिंह, रामेश्वर सिंह, शैलेश कुमार सिंह समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### 20 अक्टूबर के पहले कार्यकर्ता पूरा करें सदस्यता अभियान : उपेंद्र कुशवाहा




**अरवल।** जिला के परसादी इंग्लिश बाजार में जनता दल यूनाइटेड संसदीय बोर्ड राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री भारत सरकार उपेंद्र कुशवाहा का स्वागत किया गया। इस दौरान महात्मा फुले समता परिषद जिला अध्यक्ष कामता प्रसाद कुशवाहा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने उपेंद्र कुशवाहा को फूल मालाएं पहनाई। मौके पर उपेंद्र कुशवाहा ने बताया कि जनता दल यूनाइटेड द्वारा सदस्यता अभियान के प्रति जो लक्ष्य रखा गया है। उसे हर हाल में 20 अक्टूबर के पहले कार्यकर्ता पूरा करें एवं जिला के सुदूर गांव में जाकर सभी धर्म जाति संप्रदाय के लोगों को सदस्य बनाएं और नीतीश जी द्वारा द्वारा विकासात्मक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं। स्वागत करता में महात्मा फुले समता परिषद के जिला प्रधान महासचिव निरंजन कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष अरवल हृदयानंद मेहता, मनीष कुमार, छात्र नेता प्रदीप कुशवाहा, राम कृपाल सिंह, अमित कुशवाहा, सुजीत कुशवाहा, सुधीर कुमार, कुंदन कुशवाहा, विजय यादव, संतोष पासवान, कामता प्रसाद, रविंद्र सिंह रमता बर्मा, रंजीत कुमार आदि ने स्वागत कार्यक्रम में भाग लिए। पेज दो ::

### लाला बीघा गांव के समीप सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की हुई मौत



**मखदुमपुर (जहानाबाद) ।** शनिवार की रात लाला गांव के समीप एक अनियंत्रित बाइक चालक ने अपने घर के बाहर खड़े बुजुर्ग को धक्का मार कर मोटरसाइकिल सवार युवक मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया था। वहीं, धक्के से घायल हुए बुजुर्ग लाला विगहा गांव निवासी वकील यादव उम्र लगभग 50 वर्ष को ग्रामीणों के सहयोग से रेफरल अस्पताल मखदुमपुर में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया था। घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं मृतक व्यक्ति को परिजनों ने रविवार के दिन पीएमसीएच से मृतक के शव को लेकर सीधा मखदुमपुर थाना पहुंचे जहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रवि भूषण ने बताया कि मृतक वकील यादव अपने घर के समीप खड़ा था। इसे अनियंत्रित बाइक सवार ना ठोकर मार मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दोषी मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध विधि संगत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, शव मखदुमपुर थाना पहुंचते ही ग्रामीणों और परिजनों की भीड़ लग गई। घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### आशा को हटाने पर लगे रोक, नहीं तो तेज होगा आंदोलन : कुमारी सुषमा



**जहानाबाद।** बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ गोप गुट की बैठक संपन्न। जिसमें काम नहीं करने एवं अन्य कारणों के नाम पर आशा को हटाने पर रोक लगाने की मांग, नहीं तो आंदोलन तेज करने की फैसला लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कुमारी सुषमा भारती ने की। जिसमें महासंघ गोपगुट के मुख्य संरक्षक का. वासुदेव सिंह महासंघ गोप गुट के जिला सचिव का. राम उदय कुमार शामिल हुए। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुनीता भारती ने कहा कि आशा को काम नहीं करने और जन्मतिथि गलत बताकर नियुक्ति अवैध कहकर जिले के प्रत्येक प्रखंड में पदाधिकारियों द्वारा हटाने की कार्रवाई की जा रही है। जिसपर रोक नहीं लगी, तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आशाओं ने कोविड-19 जैसा आपदा में अपनी जान को जोखिम में डालकर भी कार्य किया। परंतु यहां के अफसरों द्वारा झूठा आरोप लगाकर बेवजह हटाया जा रहा है। साथ ही, सर्वसम्मति से जिला सम्मेलन करने हेतु तदर्थ कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष देवी कुमारी उपाध्यक्ष सर्मिला कुमारी, मीना कुमारी, फुलवंती देवी, कंचन कुमारी, जिला सचिव सुनीता भारती, संयुक्त सचिव क्रमसह, अनिता कुमारी, प्रभा कुमारी, अंशु कुमारी, संगीता कुमारी एवं जिला कोषाध्यक्ष कुमारी सुषमा सिन्हा को मनोनीत किया गया एवं बेवजह हटाने की कार्रवाई हेतु आंदोलन करने का फैसला लिया गया।

### रांची से पटना जा रही यात्री बस में भारी मात्रा में शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

**हुलासगंज।** जिले के हुलासगंज थाने की पुलिस ने सुबह 5 बजे गया-पटना मेन रोड पर 23 माइल चौराहे पर रांची से पटना जाने वाली बस को तलाशी ली। जिसमें डिक्की से 19 कार्टून शराब मिला। मौके पर उपस्थित सहायक अवर निरीक्षक सचिता कुंवर ने शक के आधार पर पूरे बस तलाशी ली गई। जहां बस के अंदर से भी शराब बरामद की गई। कुल मिलाकर 179 बोतल अंग्रेजी शराब एवं दो केन बियर जब्त किया गया। ड्राइवर एवं खलासी से पूछताछ करने पर बताया कि शराब रांची के रामगढ़ से शराब को रखा गया था, जो पटना डिलीवरी देना था। पूछताछ के दौरान ड्राइवर के माध्यम से शराब मालिक को टेलीफोन के द्वारा बुलाया गया। लेकि इस बीच महकार थाना अंतर्गत छोटिया गांव निवासी कुणाल कुमार आया और उसने थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार को रिश्वत देने की बात कही। जिसके बाद थानाध्यक्ष ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया।

# इस वर्ष पितृपक्ष के दौरान देश विदेश के 12 लाख से अधिक पिंडदानियों ने गया में किया पिंडदान

**केटी न्यूज/गया**



पितृपक्ष मेला में 12 लाख से अधिक पिंडदानियों ने पिंडदान, तर्पण किया। पहले चार से पांच दिनों तक अत्यधिक भीड़ रही। बीच में भीड़ का फ्लो थोड़ा कम हुआ लेकिन भीड़ अचानक से बढ़ने लगी। प्रतिदिन औसतन डेढ़ लाख देश-विदेश से पिंडदान करने के लिए लोग आए। रविवार को अमावस्या को स्थानीय लोगों की भी भीड़ उमड़ी। हालांकि 12 लाख का आंकड़ा कोई औथेंटिक नहीं है। लेकिन डीएम डॉ त्यागराजन का कहना है कि उन्हें पंडा समाज से मिली जानकारी के आधार पिंडदानियों का आंकड़ा इस बार 12 लाख से अधिक पहुंच गया है। वर्ष 2018 में 8 लोग आए थे। डीएम डॉ त्यागराजन और एसएसपी हरप्रीत कौर ने दावा किया गया जी में जो भी पिंडदानी वे बेहद खुश होकर और गया जी के प्रति बेहतर छवि मन मस्तिष्क में लेकर गए हैं। पितृपक्ष मेला में लाखों की संख्या में आए पिंडदानियों की वजह से शहर का कारोबार खूब फला-फूला। होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, यातायात संसाधन, फल-फूल, मिठाई, बर्तन, पूजा-सामग्री की खूब बिक्री हुई। साथ ही कर्मकांड कराने वाले ब्राह्मण और पंडा समाज को भी खूब दान मिले।

सेंट्रल चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि एक पिंडदानी आता हैं तो कम से कम 5 हजार रुपये खर्च कर जाता ही है। यह खर्च न्यूनतम है। वह भी उसके लिए जो महज एक दिन का पिंडदान करने को गया जी आता है।

### चुनाव के दौरान शराब तस्कर गिरफ्तार

**गया ।** नगरपालिका आम निर्वाचन को लेकर शराब की मांग भी बढ़ने लगी है। शराब तस्करी से जुड़े गैंग भी खूब सक्रिय है। शराब से जुड़ी गैंग को ध्वस्त करने में टिकारी थाना की पुलिस भी लगी है। शुक्रवार को टिकारी थाना की पुलिस ने देशी विदेशी के साथ दो शराब तस्कर को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। टिकारी थानाध्यक्ष श्रीराम चौधरी ने बताया कि थाना क्षेत्र के बहेलिया बिगहा मुहल्ले से सूरज कुमार को उसके घर से पांच लीटर विदेशी शराब के साथ व सलेमपुर मुहल्ला स्थित नकटी पुल के समीप से राकेश कुमार को चार लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

# बच्चों से अधिक पैसे लेने की बात बर्दाश्त नहीं की जाएगी, हटाए जाए प्रधानाध्यापक : विधायक

- सुखदेव प्रसाद वर्मा प्लस टू विद्यालय में शिक्षकों पर बच्चों से मनमाने ढंग से पैसा वसूलने का आरोप

**केटी न्यूज/मखदुमपुर**




सुखदेव प्रसाद वर्मा प्लस टू उच्च विद्यालय टेहटा के प्रधानाध्यापक रामाकांत प्रसाद पर अभिभावकों द्वारा बच्चों से इंटरमीडिएट के फार्म भरने के नाम पर मनमाने ढंग से पैसे वसूले जा रहे हैं। जिसका रसीद भी नहीं दिया जा रहा है। इस मामले को पूर्वी सरेन पंचायत के उपसरपंच अविनाश कुमार ने विधायक के जनता दरबार में उठाया। जहां उपसरपंच ने विधायक को आवेदन देकर उन्हें सारी बातों से अवगत कराया। उपसरपंच ने विधायक से विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष होने के नाते आप इस बात का निष्पक्ष जांच कराने की गुहार लगाई। बताया कि जांच नहीं होने की स्थिति में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के प्रति लोगों में रोष उत्पन्न हो रहा है। वहीं, लोगों की बात सुन विधायक जिला शिक्षा पदाधिकारी को पूरे मामले में निष्पक्ष जांच कर दो दिनों के भीतर इसकी रिपोर्ट देने की बात कहे है। पत्रकारों से बात करते हुए विधायक ने कहा कि उच्च विद्यालय टेहटा के प्रधानाध्यापक रामाकांत प्रसाद की शिकायत लगातार मिल रही है। इसमें बच्चों से अधिक पैसे लेने की बात किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने कहा कि यह बात सच है कि स्कूल में बच्चों से मनमाने ढंग से पैसे की वसूली की जा रही है। इस मामले में कई अभिभावकों ने शिकायत की है। विधायक ने कहा कि यदि दो दिनों के अंदर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा ऐसे भ्रष्ट प्रधानाध्यापक को नहीं हटाया गया, तो इसकी शिकायत मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से करूंगा। साथ ही, उन्होंने कहा के जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक विद्यालय में विद्यालय शुल्क एवं बोर्ड शुल्क का नोटिस बोर्ड में नोटिस चिपकाया जाए। वहीं, अभिभावकों का कहना है के 11वीं के समय भी स्कूल द्वारा 13 सौ रुपया शुल्क लिया गया था, जिसका आज तक रसीद नहीं दिया गया। वहीं इंटर के फॉर्म भरने के समय भी अधिक पैसा लिया जा रहा है। दूसरी ओर, इस संबंध में उच्च विद्यालय के टेहटा के प्रधानाध्यापक ने कहा कि मैं अधिक पैसा नहीं ले रहा हूं उन्होंने कहा के बोर्ड द्वारा 1400 रुपये फीस और स्कूल फीस 1200 रुपये निर्धारित है। जिस हिसाब से 2600 रुपये लिए जा रहे हैं। साथ ही, बीसी1 का 223 रुपये माफ हो रहा है। रसीद ना देने पर उन्होंने कहा कि बच्चों की भीड़ अधिक होने के कारण वह रसीद नहीं दे पाते हैं। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी रोशन आरा ने कहा कि अभिभावकों की शिकायत पर जांच की जाएगी दोषी पाए जाने पर शिक्षक पर विधि संगत कार्रवाई की जाएगी।

## शहर छोटी खबरें

### बेकाबू कार की चपेट में आने से महिला की मौत, विरोध में सड़क जाम

**बक्सर।** जिले के धनसोई थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव के पास एक बेकाबू कार खिलौने से एक वृद्धा की मौत हो गई है। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम भी किया था। घटना नहर पुल के पास की है। मृतका मानिकपुर गांव के बहादुर मेस्तर की पत्नी तेतरी देवी उम्र 74 वर्ष है। मिली जानकारी के अनुसार वह सुबह में टहलने के लिए निकली थी। इसी दौरान नहर पुल के पास एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह सड़क पर गिर अचेत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों के सहयोग से परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की पुष्टि होने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मानिकपुर जलहरा मार्ग को 2 घंटे तक जाम कर दिया था। इसकी जानकारी मिलते ही धनसोई थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों को समझा बुझा और उचित मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दे जाम हटवाया।

### कोरानसराय में मामूली बात पर भीड़े दो पक्ष, कई जख्मी

**डुमरांव।** कोरानसराय में रविवार को एक मामूली बात पर दो पक्ष आमने सामने आ गए। पहले तो दोनों पक्षों के लड़के ही आपस में भीड़े लेकिन जब बात बढ़ी तो उनके अभिभावक भी इसमें शामिल हो गए। जानकारों की मानें तो इसके बाद दोनों तरफ से जमकर मारपीट हुई है। जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल भी हुए है। हालांकि इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल स्थानीय पुलिस हरकत में आई तथा दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। सूत्र बताते है कि मामला तेज रफ्तार में बाइक चलाने को लेकर भड़का था। जिसमें गांव के दो दुगार्पूजा समिति के लोग आमने सामने आ गए थे। इस घटना के बाद कोरान सराय गांव में जबदस्त तनाव है लेकिन पुलिस स्थिति नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है। समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में किसी भी पक्ष ने एफआईआर दर्ज नहीं कराया था।

# नगर निकाय चुनाव में प्रत्याशियों के भीड़ में मुद्दे पड़े गौड़

- डुमरांव की ज्वलंत समस्याओं पर प्रत्याशियों की नहीं उठ रही है आवाज
- सड़क पर व्याप्त अतिक्रमण जाम होल्डिंग और सेंट्रल नाला की समस्या पर है चुप्पी
- स्वयं को ईमानदार कर्मठ और सुयोग्य बताने में लगी है प्रत्याशियों की ताकत

**केटी न्यूज/अनिल**



डुमरांव में नगर निकाय चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग से अधिसूचना जारी होना अभी बाकी है। चुनाव का तिथि भी निर्धारित नहीं हुआ है। लेकिन प्रत्याशियों की जोर आजमाइश शुरू हो गई है। पेड़ में कटहल ओठ में तेल वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। पूरा शहर प्रत्याशियों के पोस्टर होर्डिंग और बैनर से पट गया है। नामांकन से पहले ही जनसंपर्क अभियान तेज है। प्रत्याशी के परिवार वाले तथा समर्थक घर-घर जाकर स्वयं के प्रत्याशी होने की जानकारी तथा अपने पक्ष में लामबंदी के प्रयास तेज कर दिए हैं। प्रत्याशियों की संख्या में रोज इजाफा हो रहा है। कई प्रत्याशी तो कल्पना के विपरीत चुनाव के मैदान में सामने आ रहे हैं। इनमें कई ऐसे प्रत्याशी हैं जिनका समाज से कोई वास्ता नहीं रहा है। उन्हें नगर पालिका में गए यह युग जमाना हो चुका है। उन्हें शहर के राजनीतिक तथा भौगोलिक स्थिति की जानकारी नहीं है। नगर परिषद के चेयरमैन तथा उप चेयरमैन का पद अति पिछड़ा के लिए आरक्षित हो जाने के बाद निकाय चुनाव के लिए गैर राजनीतिक लोगों की संख्या में इजाफा हुआ है।

**जाम की समस्या से कराह रही :** आरक्षण व्यवस्था का लाभ लेने के लिए बड़े धनकुबेर से लेकर कमजोर आर्थिक स्थिति वाले लोग भी चुनाव मैदान में भाग्य आजमाने के लिए ताल ठोक रहे हैं। खुद को सुयोग्य कर्मठ तथा ईमानदार का तमगा लिए घूम रहे ऐसे कई प्रत्याशी हैं, जिन्हें यह नहीं मालूम कि शहर की मूल समस्या क्या है तथा उसका समाधान क्या होगा। प्रत्याशी की बढ़ती भीड़ में शहर की ज्वलंत समस्याएं गौड़ पड़ने लगी है।

अतिक्रमण तथा जाम की समस्या से कराह रही नगर की सड़क को तत्काल समाधान की जरूरत है। इसके लिए सार्थक और सही सोच वाला चेयरमैन का होना जरूरी है। रेलवे स्टेशन से लेकर बाजार स्थित स्टेशन रोड गोला बाजार मेन रोड स्टेट बैंक राजगढ़ चौक जंगल बाजार रोड शफाखाना रोड नया भोजपुर का पकवा इनार चौक तथा पुराना भोजपुर चौक महत्वपूर्ण जगह है। इन जगहों पर पहले सुबह से लेकर देर रात तक सड़क जाम होना प्रतिदिन की गंभीर समस्या है।

**सेंट्रल नाला वर्तमान और भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती :** सेंट्रल नाला के अस्तित्व पर उत्पन्न खतरा वर्तमान और भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती है।

अतिक्रमण के गिरफ्त में फंसा सेंट्रल नाला से पानी निकास कम तथा धन निकासी अधिक हो रहा है। यह नाला जेब भरने का माध्यम बन चुका है। इस नाला के सफाई के नाम पर प्रतिवर्ष लाखों रुपए की निकासी की जाती है। बावजूद शहर को जलजमाव से निजात नहीं मिल रहा है। नगरपालिका के आंतरिक आय बढ़ाने में होल्डिंग टैक्स की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। शहर में होल्डिंग टैक्स की समस्या भी गंभीर है। बिना नक्शा पास कराए धड़ाधड़ मकान बन रहे हैं।

**कमर्शियल टैक्स के नाम पर नगर परिषद चुप्प :** डुमरांव शहर की पहचान बड़े व्यवसाई केंद्र के रूप में होती है। लेकिन कमर्शियल टैक्स देने के नाम पर व्यवसाई पीछे और नगर परिषद चुप्पी साधे बैठा है।

अगर दुकानों से वास्तविक कमर्शियल टैक्स तथा मकानों से होल्डिंग टैक्स की वसूली कर ली जाए तो नगर परिषद को टैक्स के रूप में वृहद आमदनी होना संभव है। ऐसे ज्वलंत समस्याओं के मामले में नगर परिषद की चुप्पी से नगर परिषद के ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप और गंभीर होते जा रहे हैं।

खुद को सुयोग्य कर्मठ इमानदार बताने वाले प्रत्याशी भी चुनाव के इस समय में शहर की ज्वलंत समस्याओं पर चुपचाप बैठे हैं। जाहिर सी बात है प्रत्याशियों की बढ़ती संख्या में शहर समस्याएं गौड़ पड़ने लगी है।

# नवरात्र की पूर्व संध्या पर बाजार में खरीददारों की उमड़ी भींड़, पूरे दिन गुलजार रहा बाजार

- फल, मेवा, चुंदरी, मूर्ति, कैलेंडर, कलश आदि की दुकानों पर लगी रही भीड़

**केटी न्यूज/डुमरांव(बक्सर)**


बाजार में खरीददारी करते लोग

शारदीय नवरात्र सोमवार से शुरू हो रहा है। शक्ति के नौ दिनों में भक्ति के नौ अलग अलग रूपों की पूजा की तैयारी में हिंदू समाज पूर्व संध्या से ही जुट गया है। पूर्व संध्या पर जिलेभर के बाजारों में इसका असर भी देखा गया। बाजार खुलने के साथ ही खरीददारों की भींड़ उमड़ गई थी। लोग मां दुर्गा की मूर्तियों, कैलेंडर, फल, मेवा, चुंदरी आदि सामानों के साथ ही पूजा की अन्य सामग्रियों, धूप, दीप, रूई , अगबती, नैवेद्य आदि की खरीददारी कर रहे थे। पूजा सामग्री, किराना दुकानों तथा फल की दुकानों पर पूरे दिन लोगों की भीड़ लगी रही। बक्सर तथा डुमरांव के बाजारों में तो तिलभर भी जगह नहीं बची थी। पूरे दिन जाम लगने के कारण ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई थी। देर रात तक बाजार में खरीददारी चलती रही। नवरात्र शुरू होने से बाजार की रौनक बढ़ गई है। दुगार्पूजा के कारण बरसात के दिनों में बाजार में जो मंदी छाई थी उसमें सुधार होता देख दुकानदारों की बांछें खिल गई है। खासकर पूर्व संध्या पर जिस कदर खरीददार उमड़े तथा जमकर खरीददारी की उससे व्यवसायियों में खुशी व्याप्त है। डुमरांव राज गोला के किराना व्यवसायी भोला प्रसाद ने बताया कि इस बार पिछले दो वर्षो की अपेक्षा अधिक बिक्री हुई है। बता दें कि पिछले दो वर्ष दुगार्पूजा का त्योहार वैश्विक महामारी कोरोना की भेंट चढ़ गई थी। जिस कारण उम्मीद के मुताबिक बिक्री नहीं हो पाई थी। दुकानदारों का कहना है कि लग्न के बाद बरसात के दिनों में बाजार में मंदी की मार झेलनी पड़ती है। यह मंदी नवरात्र से ही छंटनी शुरू होती है।

### नवरात्र से पूर्व शराबियों के खिलाफ चला अभियान

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी व वासुदेवा ओपी पुलिस ने शनिवार की देर शाम गश्ती के दौरान दो अलग-अलग जगहों से आठ शराबियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बताया जाता है कि सोनवर्षा ओपी पुलिस ने महादेवगंज से पांच शराबी तथा वासुदेवा ओपी पुलिस ने शिवपुर गांव से तीन शराबी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी शराब के नशे में धूत होकर हंगामा मचा रहे थे। सभी शराबी को पुलिस ने पकड़ मेडिकल जांच के लिए पीएचसी नावानगर ले गई। जहां चिकित्सकों ने शराब पीने की पुष्टि की। इसके बाद सभी शराबियों पर एफआईआर दर्ज करते हुए रविवार को न्यायालय में उपस्थापित कराया गया। जहां से न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सोनवर्षा ओपी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए शराबियों में टीकपोखर गांव के विंध्याचल सिंह, सोनवर्षा के लालबाबु तुरहा, अरुण तुरहा, दीपक तुरहा एवं अगियॉव बाजार थाना के कुकुरहां गांव निवासी राजू राम है। जबकि वासुदेवा ओपी पुलिस ने शिवपुर गांव निवासी प्रांत साह, गोविंदापुर के शैलेंद्र सिंह, पीलापुर गांव के चंदन कुमार है। इस संबंध में सोनवर्षा एवं वासुदेवा ओपीध्यक्ष क्रमशः ज्ञान प्रकाश सिंह एवं विष्णु देव प्रसाद ने बताया कि पकड़े गए सभी शराबी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## एक नजर

### स्वच्छता ही सेवा' अंतर्गत गांव की स्वच्छता हेतु जन समुदाय को जागरूक



**बक्सर।** लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान-द्वितीय चरण अंतर्गत 10 सितंबर से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर 2022 तक हमारा स्वच्छ सुंदर गांव चलाया जा रहा है। दो अक्टूबर 2022 तक प्रथम चरण में 'स्वच्छता ही सेवा' नाम का विशेष अभियान का संचालन किया जा रहा है। 'स्वच्छता ही सेवा' अंतर्गत गांव की स्वच्छता हेतु जन समुदाय को जागरूक करते हुए श्रमदान के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों, बाजार, चौक चौराहे के पास पड़े कचरे एवं नालियों का साफ-सफाई किया जा रहा है। साथ ही, घर-घर दस्तक के माध्यम से लोगों को ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन पर जागरूक किया जा रहा है। इस पर ठोस कचरा प्रबंधन पर विशेष अभियान चलाना है। दिनांक 25 मई को आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यक्रम किए गए। ग्राम पंचायत बगेन के उर्दू स्कूल में स्वच्छता के विषय पर प्रधानाचार्य आजाद खान एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक आनंद प्रकाश के साथ विशेष सत्र लिया गया। योगिया पंचायत में मुखिया के नेतृत्व में जन जागरूकता कार्यक्रम करते हुए स्वच्छता कर्मियों के साथ गांव के मुख्य सड़क एवं नाला में साफ सफाई का कार्य किया गया। निमेज पंचायत के वार्ड 6 एवं 9 के मुखिया जी नारायण प्रसाद गुप्ता एवं सदस्य बृज बिहारी चौबे एवं काल जी द्वारा जन जागरूकता करते हुए स्वच्छता कर्मियों के साथ साफ सफाई का कार्य किया गया।

### साइंस ड्रामा में जिले में प्रथम आए उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोविंदपुर के छात्र-छात्राएं



**नावानगर।** जिला स्तरीय साइंस ड्रामा में प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोविंदपुर के छात्र-छात्राओ ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल तथा प्रखंड का नाम रौशन किया है। जिसको लेकर शनिवार को नावानगर के प्रखंड शिक्षकों में खुशी व्याप्त है। बता दें कि जिला में साइंस ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिला के सभी प्रखंडों से 15 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता में गोविंदपुर उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 5 जी पर साइंस ड्रामा प्रस्तुत किया। जिला के निर्णायक टीम ने इस ड्रामा को सराहना करते हुए अंक के आधार पर प्रथम स्थान घोषित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि छात्रों को साइंस ड्रामा के लिए शिक्षक राम जी कुमार, संजय कुमार सिंह एवं शिक्षिका रेनू राय का प्रयास से उनकी विद्यालय के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। खुशी जाहिर करने वालों में शिक्षकों में सुनील कुमार, ललित प्रताप भानु, मीना देवी, चंद्रावती देवी समेत अन्य शिक्षक शिक्षिका शामिल थे।

### पौधे लगाकर उसका संरक्षण पुत्रों की तरह करें : डॉ. प्रियरंजन

**बक्सर।** भाजपा के सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. प्रियरंजन चौबे के नेतृत्व ब्रह्मपुर विधानसभा के कांट पंचायत के रहथुआ ग्राम में पौधरोपण कर पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का संदेश दिया गया। पूरे जिले में भाजयुमो द्वारा प्रत्येक मंडल में 120 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस तरह से पूरे जिले में भाजयुमो के तरफ से लगभग 2400 पौधे सेवा पकवाड़ा के दौरान लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष डॉ प्रियरंजन चौबे ने ने कहा कि वृक्षों को लगाने के साथ उसका संरक्षण भी जरूरी है। उन्होंने इसका सत्यापन कराने पर जोर देते हुए सभी से पौधे लगाए जाने व उसका संरक्षण पुत्रों की तरह करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी कहा है की पौधरोपण अभियान को जन आंदोलन का रूप देना चाहिए। सभी को अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए शासन एवं प्रशासन का सहयोग करते हुए वृक्ष लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति व प्रकृति का अनुपम तालमेल है देश में वृक्षों पशुओं व पहाड़ों की पूजा होती है वृक्षों को हम देवता के रूप में मानते हुए पूजते हैं। पूर्व के अध्यक्षों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री जी की मन की बात भी सुनी गई। मौके देश प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष मिश्रा, भाजपा के बगेन मंडल अध्यक्ष आशीष ठाकुर, काट पंचायत के बीडीसी एवं भाजपा के शक्ति केंद्र प्रभारी हरेंद्र पांडेय, जिला मंत्री अभिनंदन मिश्रा आईटी सोशल मीडिया के जिला संयोजक रासमणि तिवारी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नित्यानंद ओझा, नारायण मिश्र, कुंज बिहारी पांडे, गोबिंद चौबे,विनीत सिंह, श्रीकांत मिश्रा, मनजी पासवान, वशिष्ठ राय, बहादुर राम, संजय कुमार, सत्येंद्र कुमार, रितेश चौधरी थे।

# डुमरी मुखिया के प्रयास से पंचायत में धरातल पर उतर रहा ओडीएफ अभियान

- स्वच्छता कर्मियों द्वारा किया जा रहा है गांव को साफ सुथरा

**केटी न्यूज/डुमरांव ( बक्सर )**



डुमरी में ओडीएफ अभियान और धरातल पर उतरने लगा है। पंचायत के मुखिया प्रेम सागर कुंवर के भागीरथी प्रयास से गांव अब साफ सुथरा दिखाई पड़ने लगा है। स्वच्छता कर्मियों द्वारा हर दिन गांव की सफाई की जा रही है। ओडीएफ अभियान का असर धरातल पर दिखाई पड़ने से ग्रामीण भी खुश नजर आ रहे है। मुखिया प्रेम सागर में कहा कि पंचायत के लोगों ने उन पर जो विश्वास दिखाया है वे उस पर खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर दिन सफाई अभियान चल रहा है। मुखिया ने बताया कि उनका गांव सांस्कृतिक धार्मिक तथा पौराणिक धरोहरो से भरपूर है। उनका प्रयास है कि वह उन धरोहर को बढ़ाएंगे। स्वच्छता अभियान की मानिटरिंग करने के लिए मुखिया ने पंचायत प्रतिनिधियों का एक टीम बनाया है। जिसमें उप प्रमुख चंदन कुमार, बीडीसी राजू कुंवर, वार्ड सदस्य धनेश, उपेंद्र, मनोज, अभय कुमार, रामजी कुमार, कपिल मुनि सिंह, छोटक प्रसाद, मनीष शर्मा, विजय शंकर यादव, रोहित ठाकुर के अलावा ग्रामीण शंकर, दीपू, सुनील, शिवजी तथा सुपरवाइजर सूरज राम शामिल है।

# स्वच्छता अभियान के दौरान ग्रामीणों ने दिखाई दिलचस्पी

**केटी न्यूज/नावानगर**



गांव में स्वच्छता अभियान जोर पकड़ने लगा है। इसी अभियान के तहत नवानगर प्रखंड के रूपसागर पंचायत अंतर्गत वार्ड 10 में रविवार को नालियों की सफाई अभियान की शुरूआत की गई। पंचायत के मुखिया ब्रज किशोर सिंह ने अपने हाथों नाली की सफाई कर लोगों को इसके लिए प्रेरित किया। इसके बाद सफाई कर्मियों ने वार्ड की मुख्य नाली की सफाई किया। साथ ही नाली से निकाली गई कचड़ा का सफाई कर्मियों ने उठाव कर गांव के बाहर गड्ढे में फेंका। पंचायत के मुखिया ब्रज किशोर सिंह ने बताया कि नाली सफाई के बाद वार्ड में डोर टू डोर पहुंचकर लोगों को अपने घर एवं आस पास जगह की साफ सफाई रखने की आग्रह किया गया। साथ ही सफाई के बाद कूड़ा को नाली में नहीं डालने की सलाह दिया गया। जिससे की स्वच्छ गांव, समृद्ध गांव अभियान को सफल बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के दौरान पंचायत के लगभग सभी घरों को शौचालय की सुलभता उपलब्ध कराते हुए ग्राम पंचायत को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया था। अब लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज 2 के अंतर्गत सभी गांवों को स्वच्छ एवं समृद्ध गांव बनाना है। इसके लिए पंचायत के लोगों से सहयोग की अपील मुखिया ने किया है। मौके पर पंचायत के सभी वार्ड सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।

# आप सब कुछ बने इससे पहले अच्छा इंसान बने: सिंह

- आप सब कुछ बने इससे पहले अच्छा इंसान बने: सिंह
- प्रतिभा का सम्मान, ज्ञान प्रसार फाउंडेशन ने सफल छात्रों को किया पुरस्कृत
- ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से उभार रही है ज्ञान प्रसार फाउंडेशन- डा रमेश सिंह

**केटी न्यूज/डुमरांव ( बक्सर )**



छात्राओं का सम्मानित करते अतिथि

ज्ञान प्रसार फाउंडेशन वर्षो से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से उभार रही है। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका हौसला अफजाई भी कर रही है। उक्त बातें रविवार को डुमरांव प्रखंड के कोपवां गांव स्थित ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कहीं। फाउंडेशन द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्कूलों से प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं के प्रतिभा सम्मान समारोह का। डॉ. रमेश सिंह ने कहा कि आप सभी अवार्ड लेने आये हैं। मैं शिक्षक रहा हूं और शिक्षण कार्य में हूं इसलिए कहूंगा कि ह्यपढ़ना आसान नहीं होता, बिना मेहनत कोई महान नहीं होता। जब तक न पड़े पत्थर की चोट, कोई भगवान नहीं होता। उन्होंने कहा कि मैं आपके पेरेंट्स की खुशी महसूस कर सकता हूं। उनके लिए गौरव के क्षण हैं। डॉक्टर सिंह कहा कि आपमें मैं महान डॉक्टर, इंजीनियर देख रहा हूं। आप सब कुछ बनें, पर उससे पहले अच्छा इंसान बनें। डॉक्टर सिंह ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों पर प्रेशर न डालें। उन्हें उनका रास्ता चुनने दें। उन्होंने कहा कि एक रास्ता बंद होता है, तो कई रास्ते खुलते हैं। इसलिए कभी भी ये न सोचें कि कौन आपके बारे में क्या सोचता है। डॉक्टर रमेश ने कहा कि आप सभी हमारी धरोहर हैं। आप पॉलिटिक्स में भी आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी रास्ता चुनें, सोच-समझकर चुनें।

**फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना की :** डॉ. रमेश सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें तलाशने व तराशने की। उन्होंने ज्ञान प्रसार फाउंडेशन के इस प्रयास की जमकर सराहना भी की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ता है तथा वे बेहतर करने के लिए और प्रयास करते है। इस दौरान फाउंडेशन द्वारा कराए गए वर्ग दस की परीक्षा में कोरानसराय गर्ल्स हाई स्कूल की छात्रा खुशबू कुमारी, सोनी कुमारी, रौनक कुमार, तथा हाई स्कूल कोरानसराय के छात्र शिवम त्रिपाठी और कोंपवा की प्रियंका कुमारी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पंचम स्थान प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया। जबकि वर्ग नौ से खलवा ईनार के अखिलेश कुमार, कोरान सराय के सर्वजीत कुमार, कचईनिया के विनायक कुमार, आदित्य कुमार, खलवा ईनार के प्रदीप कुमार, वर्ग आठ के लिए कोपवां की साक्षी कुमारी, उजाला कुमारी, रानी कुमारी, करूअज के आलोक कुमार तथा कोंपवा की प्रिती सिंह को पुरस्कृत किया गया।

**कुल 60 छात्र-छात्राओं सम्मानित :** जानकारी के अनुसार फाउंडेशन द्वारा चयनित कुल 60 छात्र-छात्राओं को मेडल, पुष्प हार, पेन व एक अनोखी पुस्तक देकर सम्मानित किया गया है। बतौर मुख्य अतिथि संत जॉन सेकन्ड्री स्कूल डुमरांव के निदेशक डा रमेश सिंह, जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में कोरानसराय थानाध्यक्ष जुनैद आलम मौजूद थे। कार्यक्रम को संपन्न कराने में ज्ञान प्रसार फाउंडेशन के अध्यक्ष गुड्डु, सक्रिय सदस्य रामकुमार यादव, पिंटू सर, शिक्षिका प्रिती कुमारी, पल्लवी कुमारी, छाया कुमारी, शारदा देवी, रम्या कुमारी, दामिनी मिश्र, शिक्षक अनिल कुमार मिश्र, सत्यदेव सिंह, रोहित कुमार, रौशन, बलराम कुमार आदि शामिल थे।

## शहर छोटी खबरें

### ट्रेन में शव मिलने से मची अफरातफरी

**रोहतास।** जिले के सासाराम-आरा रेल खंड में नोखा रेलवे स्टेशन पर रविवार को भभुआ-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस एक वृद्ध का शव में पाया गया। शव के साथ ट्रेन स्टेशन पर एक घंटे तक खड़ी रही। जिसके कारण लगभग एक घंटे तक रेल सेवा बाधित रहा। शव को उठाने के लिए रेलवे के आरपीएफ, जीआरपी का कहना था कि यह स्थानीय पुलिस की जिम्मेवारी है । जबकि स्थानीय पुलिस का कहना है कि यह ट्रेन में घटना हुई है। शव उठाने की जिम्मेदारी रेलवे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नोखा रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस रविवार को पहुंची। तबतक ट्रेन में यात्री यात्रा कर रहा था जिसकी मौत ट्रेन में ही गई थी। यात्रा कर रहे हैं सवारियों ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। जहां पर स्टेशन मास्टर वीरेंद्र कुमार द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना और आरपीएफ को दी गई। जिस पर आरपीएफ और जीआरपी और स्थानीय पुलिस के कशमकश में शव ट्रेन में पड़ा रहा और एक घंटे तक नोखा स्टेशन पर रेल रुकी रही।

### मपू रेलवे के महाप्रबंधक ने किया कुम्हऊ में दुर्घटना का दौरा

**रोहतास।** जिले के शिवसागर प्रखण्ड के कुम्हऊ स्टेशन पर गत 21 सितंबर 2022 को हुए रेल दुर्घटना की जांच के लिए रेलवे द्वारा फैक्ट फाइडिंग कमेटी का गठन किया गया है। कमिटी एक सप्तह में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। रिपोर्ट में दोषी पाए जाने वाले लोगों पर कार्रवाई तय मानी जा रही है। शनिवार को मध्य-पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने कुम्हऊ में दुर्घटना का दौरा किया और उसके बाद वे डीडीयू रवाना हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना को लेकर डीडीयू में आज एक उच्चस्तरीय बैठक में भाग लेंगे। अनुपम शर्मा आज सासाराम से डीडीयू जाने के क्रम में कुम्हऊ स्टेशन पर कुछ देर के लिए ठहरे थे। इस दौरान वे उन्होंने दुर्घटना स्थल का गंभीरता से जाएजा लिया। उल्लेखनीय है कि 21 सितंबर को सुबह 630 बजे डीडीयू-गया रेलमार्ग के अप लाइन पर एक तेज गति से जा रही लौंग गुड्स ट्रेन कुम्हऊ स्टेशन पर अचानक पटरी से उतर गई थी। तेज आवाज के साथ ट्रेन के 22 डब्बे पटरी से उतर गए थे। जिसके बाद से करीब 18 घंटे तक गया-दिनदयाल उपाध्याय रेल मार्ग बाधित रहा था।

### मां-बाप के कहने पर पत्नी के सिर पर मारा चाकू, बच्चों को दिया जहर

**रोहतास ।** जिले में पति ने पत्नी और दो बच्चों को जहर दे दिया। बच्चों की मौत के बाद पत्नी की सांस चल रही थी। पति ने अपने मां-बाप के कहने पर पत्नी के सिर पर चाकू से हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। मामला काराकाट प्रखंड मुख्यालय के गोड़ारी का है। अर्चना कुमारी (30) समेत उसके दो बच्चों अर्पिता राज(7) और रौनक राज (5) का शव उसके घर मिला है। पुलिस ने रविवार की दोपहर घर से तीन शव को बरामद किया है। मृतक अर्चना कुमारी के मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है।

# भाभी के तानों से परेशान नरसी ने छोड़ा घर, करने लगे भगवान शंकर की उपासना

- लक्ष्मण परशुराम संवाद व 'भक्त नरसी चरित्र भाग-1 लीला' का हुआ मंचन

**केटी न्यूज/बक्सर**





श्री रामलीला समिति, बक्सर के तत्वावधान में रामलीला मैदान स्थित विशाल मंच पर चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के दौरान आज आठवां दिन रविवार को श्रीधाम वृंदावन से पधारी सुप्रसिद्ध रामलीला मण्डल श्री श्यामा श्याम रासलीला संस्थान के स्वामी श्री नन्दकिशोर रासाचार्य जी के सफल निर्देशन में दिन में कृष्ण लीला के दौरान 'भक्त नरसी चरित्र भाग-1' के प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि महान कृष्ण भक्त नरसी मेहता का जन्म गुजरात प्रांत के जूनागढ़ शहर में ब्राह्मण कुल में होता है। उनके पिता का नाम कृष्णदास और माता का नाम दयाकुंवर था। भक्त नरसी बचपन से ही साधु संतों की संगति में रहते हुए भगवान श्री कृष्ण की भक्ति करने लगे। धीरे-धीरे भगवान श्री कृष्ण की भक्ति और भजन-कीर्तन में ही इनका सारा समय व्यतीत होने लगा। यह देखकर नरसी के घरवालों ने इनसे घर-गृहस्थी के कार्यों में समय देने के लिए कहा, किन्तु नरसी जी पर उसका कोई प्रभाव न पड़ा। एक दिन इनकी भौजाई ने इन्हें ताना मारते हुए घर से निकल जाने को कहा। भक्त नरसी उसी क्षण घर छोड़ कर निकल पड़े और जूनागढ़ से कुछ दूर एक पुराने शिव मंदिर में बैठकर भगवान शंकर की उपासना करने लगे। इनकी उपासना से प्रसन्न होकर भगवान शंकर प्रकट हुए और इन्हें गोलोक ले जाकर भगवान श्रीकृष्ण की रास लीला का दर्शन कराया जहां श्रीकृष्ण ने नरसी को भक्ति प्रदान की।

**लक्ष्मण के जबाब पर भड़के परशुराम :** वहीं, देर रात्रि मंचित रामलीला के दौरान "लक्ष्मण परशुराम संवाद व श्री राम विवाह" का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि जब श्रीराम धनुष का खंडन करते हैं तब परशुराम जी आते है वह शिव धनुष को टुटा हुआ देखकर काफी क्रोधित होते हैं। और सभाकक्ष में बैठे सभी योद्धाओं को ललकारते हुए दंडित करने का एलान करते हैं। इस बात पर लक्ष्मण जी ने परशुराम जी को उन्ही के अंदाज में जबाब दिया तो परशुराम जी भड़क गये और देखते ही देखते दोनों में दिव्य व भीषण संवाद होने लगा। जिसको देखकर श्रीराम जी संवाद रोकने के लिए हस्तक्षेप करते हैं। और अपने छाती पर अंकित भृगु ऋषि का चिन्ह दिखाते हैं। चिन्ह देख कर परशुराम जी का संदेह दूर हो जाता है। और वह प्रभु श्रीराम को अपना आयुध सौंप कर वन में तप के लिए चले जाते हैं। इधर राजा जनक अपने दूत को अयोध्यापुरी भेजते हैं। तब महाराज दशरथ बारात लेकर जनकपुर आते है। जहाँ श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न चारों भाईयों का धुमधाम से विवाह होता है। बारात लौटकर अयोध्यापुरी आती है जहाँ पुरे अयोध्यावासी मंगल मनाते है, और मातायें परछन उतारती है।यह देख दर्शक रोमांचित हो जय श्रीराम का उद्घोष कर करने लगते हैं। इस दौरान पुरा रामलीला पांडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था ।

# सीएम योगी का फरमान : सड़कों पर नहीं बनेगा मां दुर्गा का पंडाल !

- कोतवाल ने पूजा समितियों को दिया निर्देश, आयोजकों में आक्रोश
- नाराज आयोजक डीएम आवास पहुंचे, लेकिन नहीं हुई मुलाकात

**केटी न्यूज/बलिया**



डीएम को छोड़ अब कोतवाल के पास आने लगा मुख्यमंत्री का आदेश दरअसल 26 सितम्बर से नवरात्र की शुरुआत हो रही है। उससे पहले शहर के सभी क्षेत्रों में दुर्गा पूजन के आयोजक पिछले एक महीने से माता रानी का पंडाल बनाने में व्यस्त हैं। जोर-शोर से तैयारियां चल रही थी कि तभी अचानक सदर कोतवाल प्रवीण सिंह 24 सितंबर की देर शाम दुर्गा पूजा आयोजकों के पास पहुंचे और सड़क पर पंडाल बनाने से मना कर दिया। आयोजकों की मानें तो कोतवाल पर यह भी आरोप लगाया कि पंडाल बना तो इसे गिरवा देंगे। देर शाम तक सभी पंडाल आयोजक एकत्रित होकर डीएम आवास पहुंचे। लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हुई। इस दौरान सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस पहुंच गयी, आयोजकों ने कहा कि साहब कई दशकों से हम लोग पंडाल बना रहे है और किसी को आने जाने में परेशानी न हो इसके खास ख्याल रखा जाता है। लेकिन कोतवाल साहब ने एक न सुनी।

**आयोजकों ने पूछा आदेश किसका :** वहीं, एक आयोजक ने पूछा कि बनाये जा रहे पंडाल को हटाने का आदेश किस अधिकारी ने दिया तो कोतवाल साहब ने एक लाइन में कहा कि न नगर पालिका का आदेश है, न प्रशासन का और न ही डीएम का आदेश है, बल्कि मुख्यमंत्री का आदेश है कि रोड पर पंडाल नहीं बनेगा। अब साहब को कौन बताए कि सीएम का आदेश डीएम के पास आता है और डीएम उस आदेश को जिले में लागू कराता है। लेकिन साहब तो साहब है मुख्यमंत्री ने सीधा कोतवाल को ही आदेश भेज दिया कि रोड पर माता रानी का पंडाल नही बनेगा। ये हम नही खुद कोतवाल साहब कहते नजर आये।

### बिना अनुमति के नहीं निकलेगी जुलूस या शोभा यात्रा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

गाजीपुर में आगामी त्यौहारों को देखते हुए शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पीस कमेटी की बैठक हुई। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने अध्यक्षता की। पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे की उपस्थिति में पुलिस लाइन सभागार में सभी धर्मगुरुओं एवं संभ्रान्त नागरिकों के साथ चर्चा हुई। वर्तमान में नवरात्र, दशहरा, दिपावली एवं डाला छठ पूजन आदि त्योहार को सकुशल एंव शांतिपूर्णढंग से सम्पन्न कराने के मद्देनजर कानून व्यवस्था को लेकर विभिन्न समुदायों के प्रबुद्धजनों, मौलवियों, पुजारियों, मुतवल्लियों एव धर्मगुरुओं से जिलाधिकारी ने जनपद में शांति एवं अमन चौन, गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखते हुए त्यौहारों को मनाये जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार में कोई नई परंपरा की शुरूआत नहीं होगी। जो पहले से लागू है यथावत उनका पालन करना होगा। बिना अनुमति के कोई भी जुलूस या शोभा यात्रा नहीं निकाले जाएंगे। उन्होंने सभी से स्पष्ट रूप से कहा कि धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र की आवाज एक निर्धारित मानक के अनुरूप होनी चाहिए। साथ ही, जुलूस के दौरान कोई भी व्यक्ति अस्त्र और शस्त्र का प्रयोग नहीं कर सकता है। जिलाधिकारी ने जनपद में त्योहारों को मद्देनजर साफ-साफाई, प्रकाश, विद्युत, पानी की व्यवस्था, जर्जर सड़क को मरम्मत कराने का संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया। कहा कि बिना अनुमति के कोई भी शोभायात्रा, धार्मिक जुलूस निकालने पर पाबंदी रहेगी। साथ ही नियमों का उल्लंघन किए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कार्यवाई की जाएगी।

## एक नजर

### गर्भवती ने 108 एंबुलेंस में नवजात को जन्म

**बलिया।** नरही थाना क्षेत्र के सोबनथा गांव के पास गर्भवती ने 108 एंबुलेंस में नवजात को जन्म दिया। आपकी जानकारी के लिए बता दे कि नरहीं थाना क्षेत्र के रामापुर गांव निवासी राम अवतार की पत्नी संगीता देवी को प्रसव पीड़ा शुरू हुई तो 108 एंबुलेंस बुलाया गया 108 एंबुलेंस आकर गर्भवती संगीता देवी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा रही थी कि सोबनथा गांव के पास संगीता देवी ने नवजात को जन्म दिया। इस दौरान एंबुलेंस में ईएमटी रणवीर प्रताप व पायलट दयाशंकर यादव ने सफलतापूर्वक जच्चा और बच्चा का ख्याल रखा। एंबुलेंस में गर्भवती द्वारा बच्चे को जन्म जहां जहां चर्चा का विषय बना हुआ है वही लोग ईएमटी व पायलट दया शंकर की सराहना कर रहे है।



### प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया सम्मानित

**बलिया।** रविवार को रोटरी क्लब बलिया एवं इंटरेक्ट क्लब और रोटरेक्ट क्लब के संयुक्त तत्वाधान में जमुआ स्थित हेरिटेज स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा आठ से 11 तक के बच्चों के बीच में कराई गई। जिसमें क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बालक एवं बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, इस सत्र की इंटरेक्ट क्लब की नई कमेटी का का परिचय भी उपस्थित लोगों से कराया गया। इस कार्यक्रम का संचालन इंटरेक्ट क्लब की सदस्य सौम्या और सुहाना ने सम्मिलित रूप से किया। कार्यक्रम में रोटरेक्ट कमिटी चेयरमैन अमिताभ शंकर श्रीवास्तव, लिटरेसी कमेटी चेयरमैन मोहम्मद तारिक उर्फ पप्पू, वरिष्ठ रोटेरियन डॉक्टरजी प्रसाद रोटरेक्ट और इंटरेक्टके बारे में लोगों को बताया। रोटरेक्ट क्लब के अध्यक्ष दीपक कुमार ने उपस्थित इंटरेक्ट के बच्चों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन रोटरी अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर और सचिव डॉ. मुकेश वर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों का एवं बच्चों उनके अभिभावक सभी को धन्यवाद हेरिटेज स्कूल के निदेशक अजीत सिंह गोलू ने किया।



### प्राथमिक विद्यालय में रविवार को जोश प्रतियोगी परीक्षा

**बलिया ।** गड़वार क्षेत्र के बरवां गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में रविवार को जोश प्रतियोगी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 350 परीक्षार्थी भाग लिये। सामान्य ज्ञान जोश प्रतियोगिता प्रथम पाली 9:00 से 10:30 तक तथा दूसरी पाली 11:30 से 1:00 तक परीक्षा कराई गई। इस परीक्षा में कक्षा 5 से 12वीं तक के छात्र भाग लिए थे। वही इस परीक्षा में अंतर्जनपदीय बच्चे भी भाग लेते हैं। इस परीक्षा में कुल 100 प्रश्न पूछे गए थे। जिसका रिजल्ट 11 अक्टूबर दोपहर 12 बजे बेवसाइट जोश प्रतियोगिता पर प्रकाशित कर दी जाएगी। पुरस्कार 12 अक्टूबर को ग्राम सभा बरवां के मेले में दिया जाएगा। इस मौके पर अध्यक्ष मनोज कुमार चौहान, पूर्व अध्यक्ष मनोज शाह, सचिव सुभाष सिंह चौहान, उपाध्यक्ष प्रमोद वर्मा, संतोष यादव, राम बहादुर यादव, सुनील यादव, अनिरुद्ध भारती, सुनील चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

# केन्द्र की जांच एजेंसियां टार्गेटेड काम कर रही हैं : अमिताभ ठाकुर

**केटी न्यूज/बलिया**



अधिकार सेना के राष्ट्रीय संयोजक अमिताभ ठाकुर और डॉ नूतन ठाकुर ने बलिया जिले का दौरा किया। अमिताभ ठाकुर ने कहा अधिकार सेना आने वाले निकाय चुनाव के लिए सभी जिलों के लिए घोषणा पत्र जारी करेंगे। नगर निकाय चुनाव को लेकर स्थानीय मुद्दों पर काम करने के लिए एक समिति बनाई गई है। इस चुनाव में अधिकार सेना अच्छे व्यक्तियों को टिकट देगी। अमिताभ ठाकुर ने देश और प्रदेश में लगातार हो रही ईडी की छापेमारी पर कहा कि अब ईडी का नाम बदलकर "इनको देखो" रख देना चाहिए। आज केन्द्र की जांच एजेंसियां टार्गेटेड काम कर रही हैं। इन लोगों ने पहले से ही अपना टार्गेट तय कर रखा है। सरकार का एक्शन न्यूट्रल नहीं हो रहा है। यदि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ काम करे तो इसमें किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में किसी को बोलने की आजादी नहीं है। पूरे प्रदेश में भय और खौफ का माहौल बना दिया गया है। यदि कोई भी व्यक्ति सरकार और सरकार के कामकाज पर सवाल उठाता है तो उस व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया जाता है।

अमिताभ ठाकुर ने कि जब मै नौकरी में आया था तो पश्चिमी यूपी में पैसे लेकर इनकाउंटर की परम्परा चली आ रही थी, जिस पर लगाम लगाया गया था। अब फिर वहीं परम्परा चल रही है। पुलिस पैसे लेकर हाफ या फूल इनकाउंटर कर रही है. उन्होंने कहा कि राजनैतिक द्वेष से प्रेरित हाफ या फूल इनकाउंटर की जा रही है।

बलिया के बारे में अमिताभ ने कहा कि अधिकार सेना यहां के बुनियादी मसलों पर काम करेगी। बलिया में हर साल करोड़ों रुपये बाढ़ के नाम पर दिया जाता है। इसके विपरीत मौके पर कोई काम नहीं होता है और सारा पैसा हजम कर लिया जाता है। अधिकार सेना 2020 से अब तक दिए गए सरकारी धन और किए गए कार्य की जानकारी प्राप्त करेगी और इसमें हुई बेईमानी के संबंध में कार्रवाई कराएगी। उन्होंने इस विषय पर सरकार को श्वेत पत्र जारी करने की मांग की।

### स्थलीय निरीक्षण किए बिना मनमाने तरीके से तय किया गया सर्किल रेट

**बलिया ।** ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे से संबंधित किसान भाइयों की एक बैठक श्रीराम जानकी मन्दिर खोरीपाकड़ के प्रांगण में हुई। बैठक में शाहापुर, बंकापुर, टीकरी, चितबड़ागांव, एकौनी, तीखा, गंगहरा, बघेजी, सागरपाली,? नसीराबाद, दरामपुर,? मुबारकपुर, सर्फुद्दीन पुर, खोरीपाकड़, माल्देपुर व हैबतपुर के कई राजस्व ग्रामों में जमीन है अपनी बात रखी। डॉ. राम सुरेश राय ने बताया कि कोई भी अधिकारी कर्मचारी सही जानकारी नहीं दे रहे हैं। जानकारी मांगने पर एक दूसरे पर टाल दें रहे हैं।

# परिजन नहीं होते व्यक्ति के पाप के भागी : जीयर स्वामी

**केटी न्यूज/बलिया**



पवित्र लक्ष्य से ही उत्तम कार्य की सिद्धि व्यक्ति के अनीति एवं अत्याचार से अर्जित धन का उपभोग तो परिजन करते हैं लेकिन के पाप के भागी नहीं बनते। जो लोग दिन-रात गलत तरीके से धनोपार्जन कर अपने परिजनों को सुविधाएं प्रदान करते हैं, वे भूल जाते हैं कि परिजन उनके कुकृत्य में साथ नहीं देते। व्यावहारिक रुप में भी देखा जाता है कि कुकृत्य से धन अर्जित करने वाला ही दंड का भागी बनता है न कि उसके परिजन। श्री जीयर स्वामी ने श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के के तहत बाल्मीकि जी के कृत्यों की चर्चा किया। बाल्मीकि जी वरुण देव के पुत्र और कश्यप ऋषि के पौत्र थे। इनकी संगत एवं सहवास बिगड़ गया था, जिसके कारण ये अनीति और अत्याचार की पराकाष्ठा पर पहुंच गए थे। एक दिन के सप्त ऋषियों को लूटने लगे। सप्त ऋषियों ने कहा कि हम लोग यहीं पर खड़े है। आप अपने परिजनों से पूछ लीजिए कि, जो परिजन आप के लूटे हुए धन का उपभोग करते हैं, वे आपके कुकृत्य के फल (पाप) में भागी होगे या नहीं? परिजनों ने जब पाप का भागी बनने से इनकार किया तो बाल्मीकि जी की आखें खुल गईं। व्यवहार में भी देखा जाता है कि जो व्यक्ति गलत तरीके से धनार्जन कर अपने परिजनों को सुख-सुविधाएं उपलब्ध कराता है, वह स्वयं की शक्ति और सुरक्षा के लिए तड़पता रहता है। वह जेल की यातनाएं तक भोगता है। उस वक्त परिजन और शुभचिंतक नसीहत देने लगते हैं कि ऐसे धन की क्या जरुरत है?` स्वामी जी ने कहा कि लक्ष्य सही नहीं हो तो मनुष्य द्वारा किए गए कर्मों के अनुरुप फल प्राप्त नहीं होता। कश्यप ऋषि की पत्नी दिति ने अपने दोनों पुत्रों हिरण्याक्ष और हिरण्यकश्यपु के मारे जाने के बाद देवताओं के समान प्रभावशाली पुत्र की कामना की, जो देवताओं का दमन कर सके।

# पितृ पक्ष अमावस्या के दिन नदी घाटों पर स्नान कर पूर्वजों को श्रद्धालुओं ने किया तर्पण

### हिन्दू धर्म में पितृपक्ष में 15 दिनों तक पितरों को जल, श्राद्ध और तर्पण देकर किया जाता है संतुष्ट : पाण्डेय

**केटी न्यूज/बलिया**



गंगा घाट पर तर्पण करते श्रद्धालु

रविवार को पितरों का तर्पण और श्राद्ध कर उनको विदा करने के लिए सरयू नदी के बेल्थराघाट, गंगा घाट समेत सभी घाटों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान लोगों ने नदी में स्नान करने के बाद दान पुण्य कर अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बाबा अभिराम वैदिक आश्रम आत्म सुधार ज्योतिष अनुसंधान केन्द्र होलपुर पर पंडित मिथिलेश पाण्डेय ने पितरों का विधि-विधान से तर्पण कराया। पितृ विसर्जन के अवसर पर नगर और क्षेत्र में सुबह से सैलूनों पर लोगों की लाइन नजर आई। लोग इस दौरान मुंडन आदि करा कर नदी की ओर जाते हुए नजर आए। वर्तमान समय में नदी का जल में बढ़ोतरी के बावजूद लोगों की सरयू नदी के बेल्थराघाट पर स्नान ध्यान कर पितरों के लिए तर्पण करने की काफी भीड़ रही। इस दौरान पितरों को अर्पित करने के लिए लोगों के घरों में फुलौड़ा, पकौड़ी और खीर आदि लजीज व्यंजन बनाने का कार्य जारी था। पंडित मिथिलेश पाण्डेय ने बताया कि हिन्दू धर्म में पितृपक्ष में 15 दिनों तक पितरों को जल, श्राद्ध और तर्पण देकर संतुष्ट किया जाता है। जिन लोगों को अपने पितरों की मृत्यु की तिथि ज्ञात नहीं होती, वह लोग उन पितरों को अश्वनी मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या जिसे पितृ विसर्जन कहते हैं, उस दिन श्राद्ध कर्म करते हैं। श्राद्ध चिन्तामणि के अनुसार किसी मृत आत्मा का तीन वर्षों तक श्राद्ध कर्म नहीं करने पर जीवात्मा का प्रवेश प्रेत योनि में हो जाता है, जो तमोगुणी, रजोगुणी एवं सतोगुणी होती है।